**TEST BOOKLET SERIES:11001**

# अनुभाग अधिकारी के पद के लिए सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा
# Limited Departmental Competitive Examination for the post of Section Officer

प्रश्न पत्र Paper – I

**सार लेखन तथा टिप्पण, प्रारूप लेखन**

**Précis Writing and Noting, Drafting**

**चुनी गई भाषा (हिंदी /अंग्रेजी):______________**

**Language opted (Hindi /English): _________**

दिनांक: 03 मार्च, 2021

Date: 3rd March, 2021

समय सीमा: 3 घंटे | कुल अंक : 200

Time Allowed: 3 Hours | Total Marks: 200

**अनुदेश INSTRUCTIONS**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के उत्तर लिखते समय आपका नाम, रोल नंबर या पता उत्तर पुस्तिका में कहीं भी नहीं लिखा जाना चाहिए।
- प्रश्नों के लिए आबंटित अंक प्रत्येक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।
- उम्मीदवार अपने उत्तर या तो हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकते हैं। उत्तर लिखने के लिए चुनी गई भाषा प्रश्न पत्र के सभी प्रश्नों के लिए लागू होगी।
- All questions are compulsory.
- Your name, roll number or address must not be disclosed while writing the answers.
- Number of Marks allotted to the questions is indicated at the end of each question.
- Candidate can write the answers either in Hindi or in English. The medium chosen for writing the answers will be applicable to all the questions in the paper.

प्रश्न 1. निम्नलिखित पैराग्राफ को पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

डिजिटल सामग्री और प्रौद्योगिकी की बढ़ती हुई प्रवृति के साथ ही विभिन्न ब्रांडों और उद्योगों को अपने लक्ष्य ग्राहकों के साथ संबंध स्थापित करने और जुड़ने के असीम अवसर हैं। अगर आप बहुत एकांत जीवन व्यतीत नहीं कर रहे हैं, तो आपकी दुनिया डिजिटल है और यह काफी समय से है। हमने विपणन के विकास को भिन्न –भिन्न रूप लेते हुए देखा है। अब विपणक के पास सामना करने के लिए ऐसे विविध और अज्ञात परिदृश्य हैं जिनमें वे अपने लक्ष्य उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहते हैं, क्या प्रचलन में है और उनके उपभोक्ता क्या चाहते हैं, इसके बारे में उन्हें हमेशा जानकारी रखने की आवश्यकता है।

आजकल, डिजिटल मार्केटिंग में लगातार अवसर बढ़ रहे हैं, और लोग उन अवसरों को खोना नहीं चाहते हैं क्योंकि वे मानते हैं कि इससे उनके कारोबार में वृद्धि होगी। इन दिनों इंटरनेट और स्मार्टफोन आने के कारण, 17 करोड़ से अधिक लोग नियमित रूप से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं और इस प्रकार, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ खुद को डिजिटल मार्केटिंग के मुख्य सिद्धांतों के साथ शिक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे और अधिक ग्राहकों का ध्यान आकर्षित कर सकें।

यह तथ्य रोचक है कि सबसे अधिक प्रभावित करने वाला ब्रांड मैसेजिंग वह है जो सही मायने में उपभोक्ताओं से जुड़ता है, मानवीय जुड़ाव प्रदान करता है और जिसका एक व्यक्ति और उसकी जीवन शैली पर वास्तविक प्रभाव पड़ता है।

2017 में, हमने व्यक्तिगत अभियानों और सामग्री के विकास और मोबाइल उपकरणों और स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग को देखा है। छोटे स्क्रीन पर उपभोक्ताओं के बढ़ते जुड़ाव के साथ, 2018 में विज्ञापन खर्च का एक बड़ा भाग मोबाइल द्वारा डिजिटल विज्ञापन पर होने वाला है। ई-मार्केटर की 2017 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2021 तक भारत में डिजिटल विज्ञापन पर खर्च होने वाली राशि का 62% मोबाइल विज्ञापन पर खर्च होगा, एवं मोबाइल विज्ञापन के बढ़ने से 2017 में डिजिटल मार्केटिंग का खर्च लगभग 121 करोड़ डॉलर तक बढ़ गया।

ब्राण्डों की भीड़ वाले बाज़ार में, जिसमें सभी ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं, सामग्री व्यक्ति के लिए आकर्षक एवं सटीक होनी चाहिए। इस प्रकार, ब्रांड वाली वीडियो सामग्री, विक्रेताओं के प्रचार माध्यमों का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण बन गयी है। टेक्स्ट आधारित कंटेन्ट की तुलना में बेहतर, तेज़, मजबूती से उपभोक्ताओं को जोड़े रखने और अधिक उत्तेजित रखने की अपनी क्षमता के साथ, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफ़ॉर्म विक्रेताओं के लिए शीर्ष माध्यम बन गए हैं। 2019 में, हम एक प्रवृत्ति के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वीडियो सामग्री की और वृद्धि देखेंगे, जहां ब्रांड उपभोग्य वस्तुओं के बारे में और सरल लघु सामग्री के रूप में उसके विवरण कुशलता से प्रस्तुत करने में निवेश करेंगे। सामाजिक प्लेटफार्मों का उपयोग शुरू में लोगों को जोड़ने के लिए किया गया और समझदार विक्रेता मानते हैं कि यह उत्कृष्ट उत्पाद के साथ उत्कृष्ट ब्रांड का मामला नहीं है, यह उस ब्रांड के बारे में है जो अपने उपभोक्ताओं के बीच सबसे अधिक स्वीकार्य है। यह वह जगह है जहाँ प्रभावशाली विपणन सफल साबित हुआ है।

प्रभावी विपणन उपभोक्ताओं और विपणनकर्ताओं के बीच एक वास्तविक संबंध बनाने के बारे में है। यद्यपि यह प्रवृति 2016 में आरम्भ हुई, लेकिन यह तथ्य पर आधारित है कि आज उपभोक्ता बहुत आसानी से विपणनकर्ता आधारित सामग्री द्वारा ब्रांड आधारित सामग्री से जुड़ सकते हैं। प्रभावी मार्केटिंग की सबसे

बड़ी ताकत उसकी प्रामाणिकता है और 2019 में पहले से कहीं ज्यादा, विपणनकर्ताओं को अपने ब्रांड के संदेश पहुँचाने के लिए उचित जनशक्ति का उपयोग करना होगा और उसे सही स्वर में सही व्यक्ति के साथ निष्पादित करना होगा ।

डिजिटल सामग्री और प्रौद्योगिकी की बढ़ती हुई प्रवृति के साथ ही विभिन्न ब्रांडों और उद्योगों को अपने लक्ष्य ग्राहकों के साथ संबंध स्थापित करने और जुड़ने के अनंत अवसर हैं। स्मार्ट ब्रांडों ने इन रुझानों के अनुकूल बनना शुरू कर दिया है, वे रणनीतिक रूप से 2019 और उससे आगे की योजना बना रहे हैं। डिजिटल साधनों के माध्यम से उपभोक्ता अनुभवों में वृद्धि और संपर्क बनाने पर ध्यान केंद्रित करने से एक ब्रांड को अपने व्यवसाय में प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाए रखते हुए कारोबार में आगे बढ़ने का अच्छा मौका मिल सकता है।

A) उपरोक्त नोट का सार लिखें (590 शब्दों का 1/3=200 लगभग)।
***[यह केवल दिए गए विशेष सारलेख पत्र में लिखा जाना चाहिए (प्रत्येक ब्लॉक में एक शब्द)]***

**[50]**

B) नोट के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखें।

**[10]**

C) उपरोक्त नोट का केंद्रीय भाव / विषय क्या है? अधिकतम 70 शब्दों में लिखें।

**[20]**

2. आवक डाक के वितरण में एवं जावक डाक के प्रेषण में देरी की सूचना दी गई है । ये देरी लगातार जारी है, हालांकि केंद्रीय रजिस्ट्री में कर्मचारियों को अधिकतम स्वीकार्य समयोपरि भत्ता दिया जाता है। आपके मंत्रालय के बारह प्रभागों में से आठ ने काम के त्वरित निपटान में देरी और उनको होने वाली कठिनाइयों के बारे में शिकायत की है।
कृपया केन्द्रीय रजिस्ट्री में अपनाई जाने वाली प्रणालियों और प्रक्रियाओं की जांच के लिए मेसर्स आई.टी. सॉल्यूशंस द्वारा अध्ययन कराने के लिए, सचिव के अनुमोदन के लिए एक नोट तैयार करें। इस पर अनुमानित व्यय रुपये एक (1) लाख है। आपके नोट में निम्नलिखित मदें शामिल होनी चाहिए :

- प्रस्ताव
- आवश्यकता
- निरीक्षण करने वाले अधिकारी के विचार
- पिछला अध्ययन
- अध्ययन के लिए औचित्य
- बाहरी विशेषज्ञ की आवश्यकता
- अध्ययन को मंजूरी देने के लिए मंत्रालय की सक्षमता
- संस्तुति
- निधियों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता
- अनुमोदन

**[20]**

3. एक संसद सदस्य ने सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि निजी प्रशिक्षण केंद्रों की सेवाओं का उपयोग करके डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में मंत्रालय द्वारा कई नई पहल की गई हैं। अपने पत्र में सांसद ने अपने निर्वाचन क्षेत्र से दो प्रशिक्षण केंद्रों के नाम की सिफारिश की है, जिनमें उक्त उद्देश्य के लिए पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं, सुयोग्य और सक्षम जनशक्ति है।

सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, की ओर से सांसद के लिए एक उपयुक्त उत्तर का मसौदा तैयार करें ।

**[20]**

4. सी.सी.एस. (अवकाश) नियमों में यह निर्धारित किया गया है कि अवकाश की समाप्ति के बाद कार्य से जानबूझकर अनुपस्थित रहने वाला सरकारी कर्मचारी अनुशासनिक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा। आपके विभाग में श्री XYZ, सहायक, दिनांक 01.08.2020 से छुट्टी के बिना अनुपस्थित रहे हैं।

एक आदेश दिनांक 17.08.2020 का मसौदा तैयार करें, जिसमें उन्हें केंद्रीय सिविल सेवायें (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम 1965 के **<विशिष्ट नियम का उल्लेख करें>** के अधीन उनके खिलाफ प्रस्तावित कारवाई के बारे में तथा प्रस्तावित कारवाई के विरुद्ध अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का एक अवसर दिए जाने के बारे में सूचित करें ।

**[15]**

5. छुट्टी की स्वीकृति लिए बिना अनधिकृत रूप से छुट्टी पर जाने के लिए, श्री X के खिलाफ, सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियमों के नियम 14 के अधीन जांच करने के लिए एक आरोपपत्र तैयार करें। वह पिछले एक साल से अनुपस्थित हैं। यह पता चला है कि वह इस अवधि के दौरान पीजी डिग्री प्राप्त करने के लिए उच्च शिक्षा संस्थान से जुड़े हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली है। उनके निवास पर तीन ज्ञापन भेजे गए, जिसमें उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया था, जिसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही शुरू किए जाने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने इन ज्ञापनों का कोई जवाब नहीं दिया है और आज तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। आरोप पत्र सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियमों के अधीन निर्धारित उचित प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए।

**[30]**

6. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) "डिजिटल इंडिया इंटर्नशिप योजना (2021 बैच)" शुरू करने जा रहा है। इस वर्ष के लिए योजना तकनीकी क्षेत्र में 65 स्लॉट प्रदान करती है। इंटर्न को रुपये 10,000 प्रति माह का एक टोकन पारिश्रमिक भी दिया जाएगा।

योजना की मुख्य विशेषता, पात्रता मानदंड, अवधि और इंटर्नशिप के प्रस्तावित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार करें।

**[20]**

7. वर्ष 2020-21 के दौरान, आपके मंत्रालय के अधिकारियों के लिए स्टाफ कारों के रूप में उपयोग की जाने वाली 10 टैक्सियाँ प्रदान करने के लिए, टैक्सी सेवा प्रदाताओं से निविदा आमंत्रित करने हेतु नोटिस का एक मसौदा तैयार करें। कृपया बैंक गारंटी और पेनल्टी क्लॉज इत्यादि सहित नोटिस में किराए पर लेने के सभी विवरण और शर्तें लिखें, साथ ही निविदाओं के साथ विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले अपेक्षित प्रमाणपत्र का मसौदा भी तैयार करें।

**[20]**

*************************

**1. Read the following paragraph and answer the questions below it.**

With digital content and technology trends on the rise, the scope of various brands and industries to engage and connect with their target audience is boundless. Unless you have been living a very secluded life, your world is digital and has been for a while. We have seen the evolution of marketing take many different forms. Now marketers have such a diverse and unknown landscape to tackle when they want to reach their target audience, that they need to be on top of what is trending and where their consumers are.

Nowadays, digital marketing is brimming with ever-growing opportunities, and people don’t want to miss those opportunities as they believe that this will boost their business growth. These days due to the advent of the internet and smartphones, more than 170 million people are using social media regularly and thus, digital marketing experts are trying to educate themselves with the core principles of digital marketing so that they can get attention from more customers.

Interestingly, the brand messaging that provides the most impact is the one that truly connects with consumers, provides human engagement and has a real impact on an individual and their lifestyle.

In 2017, we have seen the rise of personalized campaigns and content and the increased use of mobile devices and smartphones. With rising consumer engagement on the smaller screen, mobile is set to take a big piece of the digital pie, for ad spends in 2018. According to a 2017 report by e-marketer, Mobile ads will make up 62% of digital ad spends in India by 2021, and the rise in mobile advertising boosted the overall digital marketing spend to around $1.21 billion in 2017.

With an overcrowded marketplace of brands all vying for attention, content has to be on point and engaging for the individual. Thus, Branded Video Content has become one of the most important tools in a marketer's arsenal. With its ability to engage and excite consumers harder, better, faster, stronger than text-based content, platforms like Facebook and YouTube are leading top recall value for marketers. In 2019, we will see the further growth of video content on digital platforms as a trend, where brands will be investing in creating interactive, narrative and highly efficient storytelling in consumable and easy going short form content. Social platforms, have initially been

used to connect people and savvy marketers are aware that it is not about being the best brand with the best product, it is about being the brand that resonates best with its consumers. This is where influencer marketing has proven successful.

Influencer Marketing is all about building a real connection between consumers and influencers. While the practice has taken off in 2016, it is limited by the fact that consumers today might link too easily, influencer led content to brand led content. Influencer marketing's biggest strength is authenticity and in 2019 more than ever, marketers will need to put the human connection at the heart of their brand messaging and do it wisely with the right influencers using the right tone.

With digital content and technology trends on the rise, the scope of various brands and industries to engage and connect with their target audience is boundless. Smart brands have started adapting to these trends, strategically planning for 2019 and beyond. With the focus on building consumer experiences and connections through digital means, a brand can have a good chance to be ahead in the game, giving a competitive edge to their business.

A) Make a precis of above note. (1/3 of 590 words= approx. 200)
***[It must be written only in the special precis sheet provided (one word in each block)]***

**[50 marks]**

B) Suggest a suitable title for the note.

**[10 marks]**

C) What is the central idea/theme of above note. Define in maximum 70 words

**[20 marks]**

2. Delays are reported in the distribution of incoming mail and dispatch of outgoing mail. These delays are persisting, although the staff in the Central Registry is granted the maximum permissible overtime allowance. Eight out of Twelve divisions of your Ministry have complained about delays and difficulties they are experiencing in prompt disposal of work.

   Please prepare a note for approval of Secretary, for conducting a study by M/s IT Solutions to examine the systems and procedures followed in Central Registry. The estimated expenditure on it is Rs. one (1) lakh. Your note must contain the following points :

- Proposal
- Need
- Observation of Inspecting Officer
- Previous study
- Justification for the study
- Need for outside Expert
- Competence of Ministry for sanctioning the study
- Recommendations
- Availability of funds and other Resources
- Approval

**[20 marks]**

3. A member of Parliament has written a letter to Secretary, MeitY stating that many new initiative has been taken up by the ministry in the area of Digital Literacy by availing the services of private training centres. The member of Parliament in his letter, recommended name of two training centres from his constituency which have sufficient infra structure, well qualified and competent manpower for the said purpose.
   Draft a suitable reply from Secretary, MeitY to the member of Parliament.

**[15 marks]**

4. It has been stipulated in CCS (Leave) Rules that willful absence from duty after expiry of leave, renders a government servant liable to disciplinary action. Shri XYZ, Assistant, in your department, has been absent without leave from 01.08.2020.
   Draft an order dated 17.08.020, informing him of the proposal to take action against him under <mention specific Rule> of the Central Civil Services (Classification, Control, and Appeal) Rules 1965 and giving him an opportunity to make such representation as he wishes to make against the proposed action.

**[15 marks]**

5 Prepare a charge-sheet for conduct of Inquiry under Rule 14 of CCS(CCA) Rules, against Mr. X, for proceeding on leave un-authorized without getting sanctioned leave. He is absenting since last one year. It is learnt that he has joined higher education Institute for obtaining PG Degree, during this period. He has not taken permission from competent authority for pursuing higher education. Three Memos were sent at his residence, asking him to join duties, failing which disciplinary action would be initiated against him, but he has also not responded to these Memos and has not joined duties till date. Charge sheet must be issued in proper format as prescribed under CCS(CCA) Rules.

**[30 marks]**

6. Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) is going to launch "Digital India Internship Scheme (2021 Batch)". The Scheme for this year offers 65 slots in technical field. A token remuneration of Rs. 10,000/- per month shall also be offered to interns.
Draft a Press Release in this regard specifying the salient feature of the scheme, eligibility criteria, duration and proposed areas of internship.

**[20 marks]**

7. Prepare a draft notice inviting tender from Taxi service providers, for providing 10 taxis to be used as staff cars for officers of your Ministry, during the year 2020-21. Please give all details and terms of hiring in the notice including bank guarantee and penalty clause etc., also draft requisite certificate to be furnished by Vendors along with tenders.

**[20 marks]**

********************